न्यायालय उपखण्ड अधिकारी गंगापुर जिला–भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी :– विकास पंचोली, आर.ए.एस.

प्रार्थना पत्र संख्या : 163/2020 दिनांक : – 28.10.2020

अनुवानी

राजस्थान सरकार बनाम ग्राम पंचायत पोटलां

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 131, 132 एलआरए व नियम 58,59,60,66,86 एल.आर.एक्ट

–:: आदेश ::–

श्रीमान संभागीय आयुक्त महोदय राजस्थान अजमेर के पत्र दिनांक 22.07.2020 द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार आयोजित रास्ता खोलो अभियान – 2020 के तहत तहसीलदार सहाड़ा द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम पोटलां पटवार हल्का पोटलां की बिलानाम भूमि में सार्वजनिक रास्ता स्थित है, किन्तु राजस्व रेकार्ड में उक्त रास्ते कि किस्म बीड़ दर्ज है जिसे गेमु0 रास्ता दर्ज किये जाने का आदेश फरमावें।

इस सम्बन्ध में तहसीलदार सहाड़ा मु0 गंगापुर द्वारा प्रस्ताव तैयार कर अपने पत्रांक राजस्व/20/778 दिनांक 23.10.2020 से रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसमें अंकन किया कि ग्राम पोटलां पटवार हल्का पोटलां के आराजी न0 2311 रकबा 0.06 हे0, आराजी न0 2313 रकबा 0.02 हे0, आराजी न0 2382 रकबा 0.04 हे0, आराजी न0 2383 रकबा 0.01 हे0, किस्म बाराजी तृतीय तथा आराजी न0 242 रकबा 0.12 हे0, आराजी न0 2445 रकबा 0.06 हे0 किस्म बीड़ राजस्व रेकार्ड में बिलानाम दर्ज रेकार्ड है। उक्त आराजियात में मौके पर सार्वजनिक रास्ता बना होकर किता 06 सम्पूर्ण रकबा 0.31 हे0 भूमि को सार्वजनिक रास्ते हेतु उपयोग में लिया जा रहा है। उक्तानुसार ग्राम पोटलां पटवार हल्का पोटलां के आराजी न0 2311 रकबा 0.06 हे0, आराजी न0 2313 रकबा 0.02 हे0, आराजी न0 2382 रकबा 0.04 हे0, आराजी न0 2383 रकबा 0.01 हे0, किस्म बाराजी तृतीय तथा आराजी न0 242 रकबा 0.12 हे0, आराजी न0 2445 रकबा 0.06 हे0 की किस्म बारानी तृतीय व बीड़ के बजाय गे0मु0 रास्ता दर्ज करने बाबत प्रस्ताव तैयार किया गया। उक्त प्रस्तावित बिलानाम की किस्म बीड़ के बजाय गे0मु0रास्ता किये जाने बाबत कोई सार्वजनिक आपत्ति जाहिर नही है, मौका पर्चा की प्रति संलग्न है।

अतः जनहित को दृष्टिगत रखते हुये एवं तहसीलदार सहाड़ा मु0 गंगापुर के पत्रांक राजस्व/20/778 दिनांक 23.10.2020 से की गई अनुशंषा के आधार पर ग्राम पोटलां पटवार हल्का पोटलां के बिलानाम आराजी न0 2311 रकबा 0.06 हे0, आराजी न0 2313 रकबा 0.02 हे0, आराजी न0 2382 रकबा 0.04 हे0, आराजी न0 2383 रकबा 0.01 हे0, किस्म बारानी तृतीय तथा आराजी न0 2442 रकबा 0.12 हे0, आराजी न0 2445 रकबा 0.06 हे0 इत्यादि की किस्म बारानी तृतीय व बीड़ के बजाय गे0मु0 रास्ता दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है।

तहसीलदार सहाड़ा उक्तानुसार राजस्व रेकार्ड में अंकन किया जाना सुनिश्चित करें एवं पालना रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करें।

यह आदेश आज दिनांक 28.10.2020 को हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2021.01.15 11:56:24 IST
Reason: SelfAttested

(विकास पंचोली)
उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर, भीलवाड़ा

Scanned with CamScanner